an>

Title: Regarding Stoppage of trains at Haidargarh Railway Station in Barabanki Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh

श्री उपेन्द्र सिंह रावत (बाराबंकी): मेरे संसदीय क्षेत्र बाराबंकी के अंतर्गत हैदर गढ़ रेलवे स्टेशन पर कई वर्षों से एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव ना होने के कारण क्षेत्रीय जनता को जम्मू, हरिद्वार, वाराणसी, कोलकाता व अन्य जगहों पर जाने के लिए मजबूरन लखनऊ से ट्रेनों को पकड़ना पड़ता है जिसमें हैदरगढ़ से लखनऊ की दूरी लगभग 60 किलोमीटर है और हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन काफी पुराना स्टेशन है यहां से हजारों यात्रियों का प्रतिदिन आवागमन रहता है । किंतु हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर सुपरफास्ट ट्रेनों के ठहराव ना होने के कारण यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है । इस विषय में मेरे द्वारा पूर्व में भी लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान ट्रेनों के ठहराव के संबंध में प्रश्न भी किया जा चुका है परंतु रेल मंत्रालय की उदासीनता के कारण कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला।

अतः, मैं माननीय रेल मंत्री जी से जनहित में आग्रह करता हूं कि हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर मुख्यता जैसे सद्भावना एक्सप्रेस, हिमगिरी एक्सप्रेस, श्रमजीवी एक्सप्रेस, अकाल तख्त एक्सप्रेस, उपासना एक्सप्रेस, सुल्तानपुर एक्सप्रेस तथा वरुणा एक्सप्रेस का ठहराव करवाए जाने का कष्ट करें जिससे क्षेत्रीय जनता और आसपास के लोगों को इसका लाभ मिल सके।